# Bhupal Nobles' P.G. Girls' College, Rajsamand

## (A UNIT OF VIDYA PRACHARINI SABHA, UDAIPUR)

(Affiliated to Mohanlal Sukhadia University, Udaipur)




# *Prospectus*


Website : www.bninstitute.org
E-Mail : bngc.kankroli@gmail.com
Ph. : 02952-230707, 297445
Mob. : +91 9414158352, 7230060813
+91 9928579067, 7230060845




संस्था संस्थापक, पोषक एवं प्रथम प्रधान उन्नायक श्री जी हुजूर महाराणा साहब श्री भूपाल सिंह जी मेवाड़



रावबहादुर ठाकुर राजसिंह जी
बेदला



मामा महाराज अमानसिंह जी
रलावता



ठाकुर गुमानसिंह जी राठौड़
रूपाखेड़ी



ठाकुर स्वरूपसिंह जी
ज्ञानगढ़


SHRI EKLINGJI


SHRI DWARKADHEESH JI



# Shriji Huzoor Maharana Mahendra Singhji Mewar

Prime Patron and President, Vidya Pracharini Sabha, Udaipur




• Bhupal Nobles' P.G. Girls' College is committed to be an instrument of positive change in women's education for the benefit of society. In the pursuit of this mission the College endeavours :

• To impart balanced education and all round development of the students.

• To motivate, to guide and to pursue excellence in various fields of education.

• To create an atmosphere of academic excellence, to facilitate creative skills, enhancing opportunities for further studies and research activities through the able guidance of the College Staff.




• Empowerment and Enlightenment of women by envisaging their aspirations in the light of wisdom.

• Bhupal Nobles' P.G. Girls' College is dedicated to the promotion of quality education which aims at the holistic development of each student. Education plays a crucial role in the enlightenment and empowerment of women. Bhupal Nobles' P.G. Girls' College provides for the intellectual, emotional, spiritual and creative needs of the students to make them confident and self-reliant decision makers.

# तेजस्विनावधीतमस्तु

भूपाल नोबल्स संस्थान के संस्थापकों एवं उन्नायकों द्वारा संस्थान हेतु सूक्त वाक्य 'तेजस्विनावधीतमस्तु' का चुनाव किया गया। यह अंश कठोपनिषद् के शांतिपाठ से लिया गया है।

शांकर भाष्य के अनुसार इसका भावार्थ इस प्रकार है : वह ( परमात्मा ) हम ( आचार्य और शिष्य ) दोनों की साथ साथ रक्षा करें। हम दोनों का साथ-साथ पालन करें। हम साथ-साथ विद्या संबंधी सामर्थ्य प्राप्त करे। हम द्वेष न करें और हमारे ( आध्यात्मिक, आधिदैविक व आधिभौतिक )इन विविध तापों की शांति हो।

उपनिषद् भाष्य( सानुवाद ), गीताप्रेस

गोरखपुर, प्रथम खंड, तृ.सं. 1997ए पृ.11

इस मंत्र के पीछे गहरा दार्शनिक बोध निहित है। यह शिक्षा को एक सहयोगी प्रक्रिया मानता है। इसके अनुसार शिक्षक एवं विद्यार्थी की सह-साधना ज्ञानार्जन की नई ऊँचाइयाँ प्राप्त कर सकती है। इसमें ज्ञानरुपी सत्य को सर्वोच्च स्थान दिया गया है तथा शिक्षक को एक पथ प्रदर्शक के रुप में देखा गया है जो विद्यार्थी को मात्रात्मक ज्ञान देकर ही संतुष्ट नहीं हो जाता वरन् उसकी भीतरी शक्ति को जागृत करता है ताकि ज्ञान साधना के मार्ग पर वह अपने शिक्षक से भी आगे जा सकें। कहना न होगा कि यह भारतीय ज्ञानसाधना की ऊर्ध्वगामी दृष्टि का परिचायक है।

इस सूक्त वाक्य के आलोक में विद्यार्थी ज्ञानरुपी ज्योति को स्वयं अपने भीतर प्रज्वलित करने का प्रयास करेंगे, ऐसी अपेक्षा है।

# संरक्षक संस्थान : एक परिचय

प्रातः स्मरणीय महाराणा प्रताप के इक्कीसवें उत्तराधिकारी, मेवाड़ के लोकवन्दित नरेश तथा राजस्थान के महाराज प्रमुख के रुप में स्वाधीन भारत के तीसरे नागरिक के अपूर्व गौरव से अलंकृत इतिहास पुरुष महाराणा भूपाल सिंह जी के प्रधान संरक्षण एवं शिक्षा के प्रति पूर्ण समर्पित श्री मामाजी महाराज अमानसिंह जी रलावता एवं श्री राव बहादुर ठाकुर राजसिंह जी बेदला के पुनीत सान्निध्य में सन् 1923 में इस संस्थान की स्थापना प्राथमिक विद्यालय (court of ward's school) के रुप में उदयपुर नगर में हुई। जो क्रमशः 1929, 1954, 1960 एवं 1978 में हाई स्कूल, इंटरमिडिएट कॉलेज, डिग्री कॉलेज एवं पी.जी. कॉलेज के रुप में क्रमोन्नत होकर शिक्षा की अभूतपूर्व अलख जगा रहा है।

उपनिषद् के आप्त वचन 'तेजस्विनावधीतमस्तु' के पुनीत आलोक में यह 96 वर्षीय प्रथम अराजकीय जनसेवी संगठन विद्या प्रचारिणी सभा–भूपाल नोबल्स संस्थान अपनी उन्नीस प्रवृत्तियों यथा – आठ महाविद्यालयों, दो विद्यालय, एक शोध संस्थान, एक संग्रहालय तथा सात छात्रावासों के रुप में संचालित हैं। ये समस्त इकाईयाँ एक सौ छः बीघा के प्रदूषण विहीन एवं उदयपुर नगर के केन्द्र स्थल में स्थापित प्रेरक परिसर में पूर्व प्राथमिक से स्नातकोत्तर स्तर तक शिक्षण कार्य के साथ–साथ शोध परियोजनाओं में संलग्न रहकर सर्वत्र सात्विक लोकप्रियता तथा समाज के आत्मिक साधुवाद से कृतार्थ हो रहा है।

अत्यन्त गौरवस्पद एवं हर्षातिरेक का विषय है कि विद्या प्रचारिणी सभा द्वारा संचालित भूपाल नोबल्स संस्थान, उदयपुर अनवरत दीर्घ शैक्षिक यात्रा पूर्ण कर आज भूपाल नोबल्स विश्वविद्यालय के रुप में राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त कर चुका है। सत्र 2016–17 से विश्वविद्यालय अपने नियमित पाठ्यक्रमों के साथ सुचारु रुप से संचालित हो रहा है।

**महाविद्यालय में निर्धारित पाठ्यक्रम मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय से ही सम्बद्ध व संचालित रहेंगे।**

## Campus Facilities


University Administrative Block


Administration Campus


Kumbha Auditorium


Digital Library


Gymnasium


Swimming Pool


Play Ground


Hostel


Shakti Sadan Guest House




# महाविद्यालय : एक परिचय

पूज्य श्लोक व्यक्तित्व, कैलाशवासी श्री जी हुजूर महाराणा भूपाल सिंह जी द्वारा सुस्थापित तथा ऐतिहासिक नगरी उदयपुर की प्राचीनतम शिक्षण संस्था विद्या प्रचारिणी सभा के उदार एवं प्रबुद्ध संरक्षण में संचालित भूपाल नोबल्स स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय महाराणा राज सिंह जी कर्मस्थली व प्रभु श्री द्वारकाधीश जी की पावन नगरी राजसमन्द में वर्ष 2006 से महिला शिक्षा के क्षेत्र में मील का पत्थर है। संरक्षक संस्थान विद्या प्रचारिणी सभा के चतुर्दिक विकास–अभियान के अन्तर्गत अर्जित सारस्वत उपलब्धियों की श्रृंखला में भूपाल नोबल्स कन्या महाविद्यालय, राजसमन्द का प्रादुर्भाव इस संस्था के शैक्षिक इतिहास की एक ऐसी ऐतिहासिक घटना है जो समाज के लिये वरदान सिद्ध होकर महिला शिक्षा के विकास में उल्लेखनीय अध्याय जोड़ते हुए गौरवान्वित होगी।

संचालक संस्थान सतत् सचेष्ट रहेगी कि उदयपुर से बाहर शुभारम्भित उसका यह पहला प्रकल्प अधोलिखित वैशिष्ट्यों के आलोक में अदम्य निष्ठा से अपनी अन्य इकाईयों की भांति ही शिक्षा जगत में उत्कृष्ट योगदान से लोकप्रियता अर्जित कर समाज की धरोहर साबित होंवे, अस्तु यह महाविद्यालय राज्य सरकार के सहयोग से खोला गया है। महाविद्यालय में स्नातक कक्षाओं के साथ–साथ कला एवं विज्ञान संकाय के अन्तर्गत स्नातकोत्तर स्तर का अध्यापन कार्य संचालित हो रहा है। महाविद्यालय स्थापना वर्ष से अद्यतन अध्ययन, अध्यापन, पुस्तकालय, खेल–कुद, राष्ट्रीय सेवा योजना, एन.सी.सी.एवं भौतिक संसाधनों के माध्यम से भावी नागरिको का सर्वांगीण विकास कर रहा है। वर्ष 2006 में 99 छात्राओं के साथ जिस महाविद्यालय रुपी बीज का प्रस्फुटन हुआ आज वह लगभग 1200 छात्राओं के साथ विभिन्न शाखा–प्रशाखाओं के रुप में विशाल वट वृक्ष का रुप ग्रहण कर चुका है। महाविद्यालय का परीक्षा परिणाम निरन्तर श्रेष्ठ रहा है। महाविद्यालय की छात्राएँ समाज के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी सेवाएें दे रही है।

## महाविद्यालय वैशिष्ट्य

1. हिन्दी व अंग्रेजी दोनों माध्यम की छात्राओं के लिए प्रभावी शिक्षण व्यवस्था उपलब्ध हैं।
2. छात्राओं के लिए विशेष सुविधायुक्त केन्टीन हैं।
3. छात्राओं के लिए कॅरियर मार्गदर्शन हेतु कॅरियर प्रकोष्ठ है।
4. समय–समय पर संगोष्ठियाँ, सम्मेलन आदि आयोजित किये जाते हैं।
5. विश्वविद्यालय पाठ्यक्रमानुसार कम्प्यूटर शिक्षण की व्यवस्था है।
6. सुविधायुक्त कम्प्यूटर विभाग द्वारा महाविद्यालय में इन्टरनेट सुविधा उपलब्ध हैं, प्रत्येक विभाग इंटरनेट सुविधा से युक्त हैं जिसका छात्राएँ महाविद्यालय समय के दौरान उपयोग कर सकती हैं।
7. महाविद्यालय में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था है। इसके अतिरिक्त आर. ओ. व वाटर कूलर्स भी हैं।
8. सह शैक्षणिक गतिविधियों द्वारा छात्राओं का पूर्ण व्यक्तित्व विकास किया जाता है।
9. महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की एक इकाई, रेड रिबन क्लब की दो इकाई, एन.सी.सी. की एक इकाई,रेंजरिंग, खेल–कूद एवं ललित कलाओं संबंधी गतिविधियों का आयोजन।
10. उच्च शैक्षणिक योग्यता सम्पन्न, उत्साही एवं समर्पित स्टाफ सदस्य।
11. नियमित गृह कार्य, मासिक टेस्ट, अर्द्धवार्षिक परीक्षा का आयोजन तथा ट्यूटोरियल कक्षाओं का क्रियान्वयन महाविद्यालय के शैक्षिक स्तर अभिवृद्धि में विशेष योगदान करता हैं।
12. अंग्रेजी भाषा प्रयोगशाला, सुसज्जित प्रयोगशालाएँ एवं समृद्ध पुस्तकालय।
13. सी. सी. टी. वी. कैमरों से सुसज्जित महाविद्यालय भवन व कक्षा–कक्ष।

# Students who Made us Proud

## MOHANLAL SUKHADIA UNIVERSITY MERIT TOPPER



**Twinkle Sharma**
First Position(Gold Medal)
B.A.- 2021



**Ayushi Sharma**
First Position(Gold Medal)
B.Sc.- 2020



**Alka Alodia**
First Position (Gold Medal)
M.A. Geography- 2017



**Tejaswini Shakdweepiya**
First Position (Gold Medal)
M.A. Geography- 2021



**Bhavna Kunwar Kharwar**
Second Position
M.A.Geography- 2018



**Deepika Jinger**
Second Position
M.A.Geography- 2019



**Durga keer**
Second Position
M.A.Geography- 2021



**Reshma Gurjar**
Third Position
M.A.Geography- 2021



**Lalita Jinger**
Fourth Position
M.A.Geography- 2017



**Mamta Joshi**
Fourth Position
M.A. Geography- 2019



**Pooja Salvi**
Fourth Position
M.A.Geography- 2020



**Jyoti Rathore**
Fourth Position
M.A.Geography-2021



**Poonam Khandelwal**
Fifth Position
M.A.Geography- 2017



**Raju Panwar**
Fifth Position
M.A. Geography- 2021



**Sangeeta Kumawat**
Fourth Position
M.A.Sociology- 2019



**Aishwarya Kumawat**
Fifth Position
B.Sc.- 2021



**Suraj Sharma**
Fourth Position
B.Sc. Third year (2012-13)



**Susheela Kumawat**
Third Position
B.Sc. Second year(2012-13)



**Divya Jadia**
Second Position
B.Sc. Third Year(2011-12)



**Reena Choudhary**
Second Position
B.Sc. Second Year(2011-12)



**Deepika Lahoti**
Second Position
B.A. First Year (2008-09)



**Varsha Rani Vairagi**
First Position
B.A. First Year (2008-09)



**Suman Joshi**
**Fourth Position**
B.A. Third Year(2009-10)



A Times Group Initiative

THE TIMES OF INDIA

&

G. D. GOENKA SCHOOL UDAIPUR | SOJATIA Jewellers | ARTH DIAGNOSTICS

Presents

TIMES EDUCATION

ACHIEVERS 2017

*Congratulations*

B.N. GIRLS COLLEGE, Rajsamand

for Category *Girls Education*

Place: Udaipur

Date: 31st January 2017

Harsh Vijay

Response Head

The Times of India Jaipur

# ''टाइम्स एजुकेशन अचीवर 2017''

''द टाइम्स ऑफ इण्डिया'' द्वारा

बालिका शिक्षा की श्रेणी में महाविद्यालय को सम्मान प्रदान किया गया।



UNIVERSITY SPORTS BOARD

MOHANLAL SUKHADIA UNIVERSITY, UDAIPUR

M.B. COLLEGE GROUND, UDAIPUR

General Championship Certificate

It is to certify that

B. N. Girls' College, Rajsamand

has got 2nd **Position** in Mohanlal Sukhadia University Inter-Collegiate General Championship (Women) for the session 2018-19 by securing 13 points.

Dr. Bheem Raj Patel

Secretary

University Sports Board

Mohanlal Sukhadia University

Udaipur

Prof. Anand Paliwal

Chairman

University Sports Board

Mohanlal Sukhadia University

Udaipur

# ''जनरल चैम्पियनशीप 2018-19''

मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर द्वारा

अन्तर्महाविद्यालय खेल प्रतियोगितो की जनरल चैम्पियनशीप( महिला )

ट्रॉफी महाविद्याालय को प्राप्त हुई।

## The Rich Resources- Laboratories

The knowledge imparted in the class room is further reinforced by the skills acquired in our well- equipped departmental laboratories. The students are taught through experiment & various procedures.

They are given hands-on training on the equipments, so that they become competent doers and achievers in their own professional fields. Besides the students enrolled in the respective subjects, other willing and inquisitive students of the college are also extended full co-operation to enrich and broaden their spectrum. The college has laboratory facilities in the following subjects : Physics, Chemistry, Zoology, Botany, Computer Studies, Geography, Home Science and Drawing & Painting .

**Botany**



**Chemistry**



**Computer**



**Drawing & Painting**



**Home Science**



**Geography**



**Physics**



**Zoology**



# Overview of Offered Courses

The College is affiliated to Mohanlal Sukhadia University Udaipur for various UG & PG Programmes

## PROFFESIONAL COURSES

### Bachelor of Computer Application (B.C.A.)

**Admission will be provided on the basis of marks obtained at 10+12 1evel and number of seats available.**

**Compulsory Subject :** B.C.A. I year (I) Gen. English (ii) Environmental Studies
B.C.A. II year (I) General Hindi

**Optional Subject :** B.C.A. First year, Second Year & Third Year As per University Syllabus

### Bachelor of Business Administration (B.B.A.) Semester Scheme

**Admission will be provided on the basis of marks obtained at 10+12 1evel and number of seats available.**

**Compulsory Subject : First Sem.** (I) Environmental Studies **Second Sem.** (I) General Hindi **Third Sem.**(i) General English
**Optional Subject :** B.B.A. First , Second, Third, Fourth, Fifth & Six semester as per University Syllabus.

## UNDER GRADUATE COURSES

### Bachelor of Arts (B.A.) — 240 Seats

**Admission will be provided on the basis of marks obtained at 10+12 1evel and number of seats available.**

**Compulsory Subject :** B.A. I Year (i) Gen. English (ii) Environment Studies
B.A. II Year (I) Gen. Hindi (ii) Elementary Computer

Optional Subjects : Three subjects may be opted from the following combination. Not more than one subject can be opted from a group:

Group - I : Sanskrit, Music, History,Economics, Home Science
Group- II : Geography
Group - III : Drawing & Painting, Political Science
Group - IV : Hindi Literature
Group - V : English Literature , Sociology
B.A. III Year : the optional subjects in the third year will remain as opted in the first year
Limitations : 1. More than two practical subjects cannot be opted. Music. Geography, Drawing & Painting & Home Science are included in the list of practical subjects. 2. Only two Literature subjects can be opted.

### Bachelor of Commerce (B.Com.) — 240 Seats

**Admission will be provided on the basis of marks obtained at 10+12 1evel and number of seats available.**

**Compulsory Subject :** B.Com I year (I) Gen. English (ii) Environmental Studies
B.Com II year (I) General Hindi (ii) Elementary Computer

Group - I Business Administration
Group- II Accountancy
Group- III Banking & Business Economics
B.Com. III Year: the optional subjects in the third year will remain as opted in the first year.

### Bachelor of Science (B.Sc.) — 240 Seats

**Admission will be provided on the basis of marks obtained at 10+12 1evel and number of seats available.**

**Compulsory Subject :** B.Sc. I year (I) Gen. English (ii) Environmental Studies
B.Sc II year (I) General Hindi (ii) Elementary Computer

Optional Subjects: Students can opt only one group from the following combinations.

| | | | |
|---|---|---|---|
| Group - I | Botany | Zoology | Chemistry |
| Group- II | Mathematics | Physics | Chemistry |
| Group - III | Mathematics | Physics | Computer Science |

B.Sc. III Year: the optional subjects in the third year will remain as opted in the first year

## POST GRADUATE COURSES

Optional :All Papers are Compulsory Post Graduate Level

### Master of Arts (M.A.) — 40 Seats( Each Subject)

Geography, Sociology, Hindi

### Master of Science (M.Sc.) Semester — Seat :40

Organic Chemistry

### Master of CommerceM.Com.) Semester — Seat :40

Business Administration

# संचालित पाठ्यक्रम

**सभी संकायों में पाठ्यक्रम मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के अनुसार होगा।**

## व्यवसायिक पाठ्यक्रम

### बी.सी.ए. ( B.C.A)

सीनियर सैकण्डरी परीक्षा (10+2) में प्राप्त अंकों के आधार पर वरीयतानुसार निर्धारित सीटों पर प्रवेश दिया जायेगा।

अनिवार्य विषय : प्रथम वर्ष वाणिज्य (1) सामान्य अंग्रेजी (2) पर्यावरण अध्ययन
द्वितीय वर्ष वाणिज्य (1) सामान्य हिन्दी

वैकल्पिक विषय : विश्वविद्यालय पाठ्क्रमानुसार विषय।

### बी.बी.ए. ( B.B.A) सेमेस्टर प्रणाली

सीनियर सैकण्डरी परीक्षा (10+2) में प्राप्त अंकों के आधार पर वरीयतानुसार निर्धारित सीटों पर प्रवेश दिया जायेगा।

अनिवार्य विषय : प्रथम सेमेस्टर (1)पर्यावरण अध्ययन द्वितीय सेमेस्टर (1) सामान्य हिन्दी तृतीय सेमेस्टर (1) सामान्य अग्रेजी

वैकल्पिक विषय : सभी सेमेस्टर में विश्वविद्यालय पाठ्क्रमानुसार विषय।

## स्नातक पाठ्यक्रम

### कला स्नातक ( B.A. ) कुल प्रवेश क्षमता : 240

सीनियर सैकण्डरी परीक्षा (10+2) में प्राप्त अंकों के आधार पर वरीयतानुसार निर्धारित सीटों पर प्रवेश दिया जायेगा।

अनिवार्य विषय : प्रथम वर्ष कला (1) सामान्य अंग्रेजी (2) पर्यावरण अध्ययन
द्वितीय वर्ष कला (1) सामान्य हिन्दी (2) कम्प्यूटर विज्ञान

वैकल्पिक विषय : निम्नलिखित विषय समूहों में से केवल तीन विषयों का चयन करना होगा। एक समूह में से एक विषय से अधिक नहीं लिया जा सकेगा।

समूह – 1 : संस्कृत, संगीत, इतिहास, अर्थशास्त्र, गृह विज्ञान
समूह – 2 : भूगोल
समूह – 3 : राजनीति विज्ञान, चित्रकला
समूह – 4 : हिन्दी साहित्य
समूह – 5 : समाजशास्त्र, अंग्रेजी साहित्य

तृतीय वर्ष कला–प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष कला में लिये गये विषय।

टिप्पणी : 1. प्रायोगिक विषय दो से अधिक नहीं लिये जा सकेंगे। प्रायोगिक विषयों में भूगोल, चित्रकला व गृह विज्ञान को सम्मिलित किया गया है।
2. दो से अधिक साहित्यिक विषय नहीं लिये जा सकेंगे।

### वाणिज्य स्नातक ( B.Com.) कुल प्रवेश क्षमता : 240

सीनियर सैकण्डरी परीक्षा (10+2) में प्राप्त अंकों के आधार पर वरीयतानुसार निर्धारित सीटों पर प्रवेश दिया जायेगा।

अनिवार्य विषय : प्रथम वर्ष वाणिज्य (1) सामान्य अंग्रेजी (2) पर्यावरण अध्ययन
द्वितीय वर्ष वाणिज्य (1) सामान्य हिन्दी (2) कम्प्यूटर विज्ञान

वैकल्पिक विषय : समूह – 1 : व्यवसाय प्रशासन
समूह – 2 : लेखा एवं सांख्यिकी
समूह – 3 : बैंकिंग एवं व्यावसायिक अर्थशास्त्र

तृतीय वर्ष वाणिज्य : प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष वाणिज्य में लिये गये समूह

### विज्ञान स्नातक ( B.Sc.) कुल प्रवेश क्षमता : 240

सीनियर सैकण्डरी परीक्षा (10+2) में प्राप्त अंकों के आधार पर वरीयतानुसार निर्धारित सीटों पर प्रवेश दिया जायेगा।

अनिवार्य विषय : प्रथम वर्ष विज्ञान (1) सामान्य अंग्रेजी (2) पर्यावरण अध्ययन
द्वितीय वर्ष विज्ञान (1) सामान्य हिन्दी (2) कम्प्यूटर विज्ञान

वैकल्पिक विषय : छात्राओं को निम्नलिखित समूहों में से एक समूह का चयन करना है।

समूह – 1 : वनस्पति विज्ञान, प्राणी विज्ञान एवं रसायन विज्ञान
समूह – 2 : गणित, भौतिक विज्ञान एवं रसायन विज्ञान
समूह – 3 : कम्प्यूटर विज्ञान, भौतिक विज्ञान एवं गणित

तृतीय वर्ष विज्ञान : प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष विज्ञान में लिये गये विषय।

नोटः बी.एस.सी.(कम्प्यूटर विज्ञान) की छात्राओं को अनिवार्य कम्प्यूटर विज्ञान प्रश्न पत्र देने की आवश्यकता नहीं है।

## स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम

**कला स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम (M.A.)** कुल प्रवेश क्षमता– 40 (प्रत्येक विषय)

**भूगोल**

**हिन्दी**

**समाजशास्त्र**

(अ) स्नातक परीक्षा में उत्तीर्णांको के आधार पर वरीयतानुसार निर्धारित सीटों पर प्रवेश दिया जायेगा।

(ब) विश्वविद्यालय पाठ्यक्रमानुसार विषय।

**विज्ञान स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम (सेमेस्टर प्रणाली)(M.Sc.)** कुल प्रवेश क्षमता–40

**रसायन विज्ञान (Organic Chemistry)**

(अ) स्नातक परीक्षा में उत्तीर्णांको के आधार पर वरीयतानुसार निर्धारित सीटों पर प्रवेश दिया जायेगा।

(ब) विश्वविद्यालय पाठ्यक्रमानुसार विषय।

**वाणिज्य स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम (M.Com.)** कुल प्रवेश क्षमता–40

**व्यावसायिक प्रबंधन ( Business Administration)**

(अ) स्नातक परीक्षा में उत्तीर्णांको के आधार पर वरीयतानुसार निर्धारित सीटों पर प्रवेश दिया जायेगा।




## पुस्तकालय नियमः

1. प्रत्येक नियमित छात्रा को पुस्तकालय कार्ड जारी किये जाऐंगें।
2. पुस्तकालय कार्ड अहस्तांतरणीय हैं। छात्रा जिसके कार्ड पर पुस्तक जारी की गई है। वह उसके लिये व्यक्तिशः जिम्मेदार रहेगी। क्षतिग्रस्त पुस्तक के बारे में पुस्तकालयाध्यक्ष को सूचित करें।
3. पुस्तकें केवल दो सप्ताह के लिए निर्गमित की जाएगी। दो सप्ताह के बाद पुनः वही पुस्तक जारी नही होगी। विशेष स्थितियों में छात्राओं को 2 सप्ताह से पूर्व पुस्तकें जमा कराने के लिए निर्देशित किया जा सकता हैं। समय पर पुस्तक जमा न करवाने पर प्रतिदिन 1 रुपये के हिसाब से दण्ड लिया जाएगा।
4. सामान्यतः छात्राओं को अपने विषय से संबधित पुस्तकें ही जारी की जाएगी। पत्र–पत्रिकाएँ केवल पुस्तकालय में ही अध्ययन के लिए उपलब्ध रहेगी।
5. कार्ड खो जाने पर बिना विलम्ब लिखित में पुस्तकालयाध्यक्ष को सूचित करें।
6. छात्राओं को प्रत्येक वर्ष 15 फरवरी तक अपने कार्ड पुस्तकालय में जमा करवाकर अदेय प्रमाण पत्र प्राप्त कर लेना चाहिए। पुस्तकालय सदस्यता 15 फरवरी के बाद स्वतः निरस्त मानी जाएगी।
7. परिचय पत्र नहीं दिखाने पर छात्राओं को पुस्तकालय में प्रवेश से रोका जा सकता हैं।
8. पुस्तकालय के अन्दर छात्राओं को केवल नोट बुक ही लाने की स्वीकृति हैं। बाकी सभी चीजें स्वयं अपनी जोखिम पर स्वागत पटल पर रखनी होगी।
9. छात्राओं द्वारा पुस्तक नष्ट हो जाने या खो जाने पर उन्हे नई पुस्तक जमा करानी होगी या दुगुना शुल्क जमा करवाना होगा।
10. महाविद्यालय में बुक बैंक सुविधा उपलब्ध हैं। महाविद्यालय द्वारा निर्धारित शुल्क पर वर्ष पर्यंत के लिए छात्राएँ अपने विषय से संबधित पुस्तकें ले जा सकती हैं। विश्वविद्यालय परीक्षा समाप्ति के उपरान्त पुनः बुक बैंक में पुस्तकें जमा करानी होगी।

## English Language Lab

English, with the times, has acquired more and more importance by becoming the main international language for research, business, International Trade etc. Jobs using English around the world include management, hospitality, medicine, computing and teaching etc. Bhupal Nobles' P.G. Girls' College offers a course "Language Learning Skills" for all those students who wish to improve their English language skills. Students are provided with the best of learning tutorials, lessons are interesting and enjoyable and run by qualified, professional staff. All Classes are especially planned to use the right balance of language and study skills.



# प्रवेश संबंधी आवश्यक सूचनाएँ

महाविद्यालय कॉलेज शिक्षा आयुक्तालय, जयपुर, राजस्थान द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार छात्राओं को प्रवेश वरीयता के अनुसार दिया जाएगा।

1. मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के अनुसार सभी संकायों के प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु न्यूनतम योग्यता 10+2 होगी।
2. यद्यपि सामान्यतः महिला महाविद्यालय में प्रवेश हेतु न्युनतम प्रतिशत प्राप्तांकों की शर्त लागू नहीं है तथापि कुल प्रवेश, कक्षा / विषय के लिए पूर्व स्वीकृत वर्गो के लिए निर्धारित संख्या प्राप्तांकों की वरीयता सूची के आधार पर सीमित रहेंगे।
3. वरीयता सूची केवल उन्हीं छात्राओं की बनेगी जिनके प्रवेश फॉर्म घोषित तिथि तक प्राप्त हो जाएंगे। उक्त तिथि के पश्चात् प्राप्त होने वाले आवेदन पत्र पर तभी विचार होगा, जब किसी विषय / कक्षा में रिक्त स्थान उपलब्ध हो।
4. प्रवेश हेतु आवेदन पत्र व फीस जमा करवाने से पूर्व विवरणिका में दिए गए दिशा–निर्देशों को ध्यान से पढ़ लें।
5. प्रवेश की इच्छुक छात्राएँ महाविद्यालय में पढ़ाए जा रहे विषय समूह से ही विषय का चुनाव कर सकती हैं।
6. प्रवेश हेतु चयनित छात्राओं द्वारा एक प्रस्तावित तिथि तक अपना शुल्क जमा न कराने पर प्रवेश का अधिकार स्वतः ही समाप्त हो जाएगा।
7. उपलब्ध सीटें भर जाने पर महाविद्यालय प्रशासन प्रवेश प्रक्रिया को अंतिम तिथि से पूर्व भी बन्द कर सकता है।
8. किसी भी विषय में 10 से कम छात्राएँ होने की स्थिति में उक्त विषय का संचालन प्रशासन के निर्णय पर निर्भर होगा। एक बार शुल्क जमा करवाने के बाद पुनः नहीं लौटाया जाएगा।
9. पूरक छात्राओं को अंतिम तिथि से पूर्व अगली कक्षा में अस्थायी प्रवेश ले लेना चाहिए। अनुत्तीर्ण होने पर प्रवेश नहीं दिया जाएगा। ऐसी छात्राओं के लिए उपस्थिति की अनिवार्यता नहीं हैं।
10. यदि कोई छात्रा किसी संस्थान में कार्यरत हैं तो प्रवेश के समय नियोक्ता का अनापत्ति प्रमाण पत्र अनिवार्यतः प्रस्तुत करना होगा।
11. जिस छात्रा के आचरण के बारे में किंचित मात्र संदेह होगा उसे बिना स्पष्टीकरण दिये महाविद्यालय से निष्कासित कर दिया जाएगा।
12. महाविद्यालय में अध्यापन कार्य जुलाई से आरम्भ हो जाएगा।
13. महाविद्यालय सभी जाति, धर्म, वर्ग एवं प्रदेश की छात्राओं के लाभार्थ समर्पित है।
14. छात्राएँ अपना शुल्क निश्चित तिथि तक जमा कराने के पश्चात महाविद्यालय की कक्षाओं में समय सारणी के अनुसार उपस्थित होवें एवं कक्षा में प्राध्यापक / प्राध्यापिका को रसीद एवं परिचय पत्र दिखाकर अपना नाम उपस्थिति पंजिका में दर्ज करा लें।
15. प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु निम्नलिखित दस्तावेज आवश्यक हैं:–

    अ. मूल स्थानान्तरण प्रमाण पत्र *(T.C.)* व दो स्वयं सत्यापित प्रतिलिपियाँ

    ब. माध्यमिक (10वीं) व उच्च माध्यमिक (12वीं) कक्षाओं की अंकतालिकाओं की दो–दो स्वयं सत्यापित प्रतिलिपितयाँ

    स. मूल माइग्रेशन प्रमाण पत्र व इसकी दो स्वयं सत्यापित प्रतिलिपियाँ (केवल माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान के अलावा अन्य बोर्ड की छात्राओं के लिए)

    द. दो पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ

    य. मूल अंकतालिका माध्यमिक (10वीं) व उच्च माध्यमिक (12वीं) कक्षा (केवल सत्यापन हेतु)
16. प्रथम वर्ष के अतिरिक्त अन्य कक्षाओं में प्रवेश हेतु निम्न दस्तावेज आवश्यक हैं:–

    अ. पूर्व महाविद्यालय प्राचार्य द्वारा जारी स्थानान्तरण प्रमाण पत्र

    ब. गत परीक्षा उत्तीर्ण की मूल अंकतालिका व दो सत्यापित प्रतिलिपियाँ

    स. माइग्रेशन प्रमाण पत्र (केवल मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय को छोड़कर अन्य विश्वविद्यालय से सम्बद्ध छात्राओं हेतु)
17. द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की समस्त छात्राएँ परीक्षा परिणाम घोषित न होने की स्थिति में भी जुलाई प्रथम सप्ताह से अपनी कक्षाओं में नियमित रुप से उपस्थित होवें। उनकी 75 प्रतिशत उपस्थिति की गणना जुलाई से होगी।
18. अगस्त माह के प्रथम सप्ताह से पूर्व छात्राएँ स्थान रिक्त होने पर अपना विषय व संकाय परिवर्तन कर सकती है। इस हेतु प्राचार्या से लिखित स्वीकृति प्राप्त कर 50 रु. जमा करवाएँ। विषय परिवर्तन के लिए आवेदनकर्ता छात्रा को मात्र एक ही विषय के परिवर्तन की अनुमति केवल एक बार दी जा सकेगी।

19. किसी भी छात्रा का विश्वविद्यालय द्वारा पंजीकरण अमान्य होने पर छात्रा का प्रवेश स्वतः ही महाविद्यालय से निरस्त मान लिया जाएगा।

20. प्रत्येक छात्रा को महाविद्यालय की शैक्षणिक सत्र सारणी, समय–सारणी एवं समय–समय पर प्रसारितों नियमों की अनुपालना करना आवश्यक हैं।

21. बिना पूर्व कारण बताए अथवा सूचना दिए महाविद्यालय प्रशासन सूचनाओं और नियमों में परिवर्तन, परिवर्द्धन एवं परिशोधन करने में सक्षम व स्वतंत्र है।

22. विवरणिका में उल्लेखित किसी भी नियम की परिभाषा एवं व्याख्या के लिये प्राचार्या का निर्णय अन्तिम होगा।

23. प्रवेश के समय छात्राओं के माता / पिता को ऐसे स्थानीय अभिभावक का नाम–पता एवं टेलीफोन नम्बर प्रवेश फॉर्म में यथा स्थान पर अंकित करना होगा जो छात्रा के व्यवहार और क्रिया कलापों के प्रतिजवाबदेह हो सकें।

24. छात्राएँ किसी गंभीर बीमारी की स्थिति में महाविद्यालय न आए। इस बीमारी का विवरण आवेदन पत्र के साथ जमा करावें।

25. अदेय प्रमाण पत्र (नो ड्यूज) की प्राप्ति के साथ ही छात्राओं की महाविद्यालय के साथ संवैधानिक सदस्यता समाप्त हो जाती हैं, अतः इसे प्राप्त करने से पूर्व इच्छुक छात्रा को परीक्षा उपरान्त अपने घर लौटने हेतु यात्रा कन्सेशन का आवेदन पत्र महाविद्यालय कार्यालय में प्रेषित करना होगा।

26. रेल एवं बस यात्रा में रियायत की सुविधा नियमानुसार केवल महाविद्यालय में घोषित मध्यावधि अवकाश, शीतकालीन अवकाश और वार्षिक परीक्षा के उपरान्त ग्रीष्मावकाश में महाविद्यालय से घर तक आने जाने के लिए ही सुलभ होगा। अतः छात्राएँ अपने स्थायी निवास का सही पता अपने प्रवेश फार्म में अंकित करे। रियायत चाहने वाली छात्राओं को यात्रा प्रारम्भ करने से एक सप्ताह पूर्व कार्यालय में अपना आवेदन पत्र प्रस्तुत करना होगा।

27. यात्रा करते समय परिचय पत्र साथ रखना अनिवार्य है तथा सम्बन्धित अधिकारियों के माँगने पर परिचय पत्र प्रस्तुत करना होगा।

    विशेषः–रियायत सम्बन्धी उपर्युक्त नियम निम्नलिखित परिस्थितियों में लागू नहीं होंगे।

    अ. नियमित अप–डाउन करने वाली छात्राएँ :

    ब. राजसमन्द से बाहर जाकर महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व करने वाली छात्राएँ

    स. प्रतियोगी परीक्षा देने के लिए जाने वाली छात्राएँ

    द. प्रशिक्षण, भ्रमण और कैम्प में जाने वाली छात्राएँ

## प्रवेश हेतु अयोग्यताएँ

निम्नांकित श्रेणी की छात्राएँ महाविद्यालय में प्रवेश हेतु योग्य नहीं होगी।

1. वे आवेदक छात्राएँ जिनके विरुद्ध विश्वविद्यालय अथवा उसके किसी संघटक महाविद्यालय अथवा सम्बद्ध महाविद्यालय अथवा महाविद्यालय के सक्षम अधिकारी अथवा शिक्षक या कर्मचारी ने पुलिस अधिकृत रुप से प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करायी हो, उन्हें उसके कारण सजा हुई हो या किसी अन्य प्रकार दण्डित किया गया हो।

2. वे आवेदक छात्राएँ जो किसी फौजदारी मुकदमें में दोषी पाई गई हों अथवा जो न्यायालय द्वारा जमानत पर रिहा हुई हों या जिन पर न्यायालय में मुकदमा चल रहा हो।

3. वे आवेदक छात्राएँ जिन्होनें उनके प्राध्यापक / प्राध्यापिका अथवा महाविद्यालय कर्मचारी के विरुद्ध दुर्व्यवहार किया हो अथवा जिन्होनें परीक्षा में अनुचित साधन आदि का प्रयोग किया हो अथवा जिन्हें विश्वविद्यालय के किसी विभाग / संघटक एवं सम्बद्ध महाविद्यालय में प्रवेश से वर्जित किया गया हो या अन्य किसी प्रकार से दण्डित हुई हों।

4. वे आवेदक छात्राएँ जिन्होनें रैगिंग जैसी घृणित, जघन्य एवं अमानवीय गतिविधियों में भाग लिया हो तथा जिन्हें राज्य सरकार के आदेश क्रमांक एफ 3 / 21 शिक्षा ग्रुप 111 / 83 दिनांक 3 जुलाई 1984 के अनुसार दण्डित किया गया हो।

5. यदि किसी आवेदक छात्रा की शारीरिक अक्षमता किसी विशिष्ट विषय की पढ़ाई–लिखाई में बाधक हो तो उस विषय में उसे प्रवेश देने से मना किया जा सकता है।

विशेष : महाविद्यालय में सभी संकायों में प्रवेश आयुक्त कॉलेज शिक्षा निदेशालय जयपुर एवं मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर की प्रवेश नीति (निर्देश) के अनुसार ही दिये जाऐंगे।

## परिचय-पत्र

महाविद्यालय की प्रत्येक छात्रा को अपने साथ परिचय–पत्र रखना अनिवार्य हैं। परिचय–पत्र खो जाने पर 50 / – रुपये जमा करवा कर नया परिचय–पत्र प्राप्त किया जा सकेगा। किसी अन्य छात्रा के परिचय–पत्र का उपयोग करना अथवा अपना परिचय–पत्र उपयोग हेतु अन्य छात्रा को देना दण्डनीय अपराध माना जायेगा।

## शुल्क नियम

1. शुल्क पूरे सत्र के लिए लिया जाएगा, प्रवेश की तिथि व समय कुछ भी हो।
2. सत्र शुल्क दो किश्तों में जमा कराया जा सकता हैं, प्रवेश आवेदन पत्र के साथ प्रथम किश्त जमा करवाना अनिवार्य हैं, तभी प्रवेश मान्य होगा। द्वितीय किश्त 31 अक्टूबर से पूर्व जमा करवानी होगी। अन्यथा 500 रु. प्रतिमाह विलम्ब शुल्क देय होगा।
3. प्रवेश सुनिश्चित होने के पश्चात् अवधान शुल्क के अतिरिक्त कोई शुल्क पुनर्भुगतान योग्य नहीं होगा।
4. छात्राओं को शुल्क की समस्त रसीदें सावधानी पूर्वक संभाल कर रखनी होंगी और माँगे जाने पर उन्हें साक्ष्य के रूप में प्रस्तुत करना होगा। महाविद्यालय शुल्क के अतिरिक्त विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित मुख्य परीक्षा का आवेदन शुल्क अलग से देय होगा।
6. महाविद्यालय द्वारा आयोजित पिकनिक एवं शैक्षणिक भ्रमण ऐच्छिक हैं, जिसका शुल्क प्रवेश शुल्क में सम्मिलित नहीं हैं।
7. महाविद्यालय द्वारा आयोजित आन्तरिक परीक्षा सभी छात्राओं को अनिवार्यतः देनी होगी। जो छात्राएं इस परीक्षा में अनुपस्थित रहती हैं, उसे दण्ड स्वरुप 100 रु. प्रति प्रश्न पत्र देना होगा।
8. बिना समस्त देय भुगतान के छात्राओं को विश्वविद्यालय की मुख्य परीक्षा में बैठने नहीं दिया जाएगा जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी स्वयं की होगी।
9. अवधान शुल्क बाबत् कार्यवाही प्रत्येक सत्र में अक्टूबर माह के पश्चात् ही होगी, परन्तु छात्रा द्वारा सत्र के अन्त तक इस राशि की मांग नहीं करने पर वह राशि व्यगत *(Lapse)* हो जायेगी।

## उपस्थिति एवं परीक्षा

विभिन्न कक्षाओं में उपस्थिति के सम्बन्ध में मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय द्वारा समय–समय पर प्रसारित नियम मान्य होंगे। मोहनलाल सुखाड़िया विश्व विद्यालय द्वारा न्यूनतम उपस्थिति 75 प्रतिशत निर्धारित हैं। न्यूनतम प्रतिशत से कम उपस्थिति वाले विद्यार्थियों को वार्षिक परीक्षा में बैठने से रोका जा सकता हैं। उपस्थिति की कमी के कारण परीक्षा में बैठने से वंचित कला एवं वाणिज्य के विद्यार्थी वांछित शुल्क जमा करके स्वयंपाठी विद्यार्थी के रुप में परीक्षा में बैठ सकते हैं।

समस्त नियमित विद्यार्थियों की उपस्थिति गणना महाविद्यालय में अध्यापन कार्य प्रारम्भ होने के प्रथम दिवस से ही की जाएगी, चाहे विद्यार्थी की प्रवेश तिथि कुछ भी हो, अतः विद्यार्थियों को सलाह दी जाती हैं कि वे नए सत्र के प्रारम्भ होने से पूर्व अगली कक्षा में प्रवेश ले लें, जबकि उनका पूर्व की कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित न हुआ हो। राष्ट्रीय सेवा योजना/राष्ट्रीय कैडेट कौर/रोवरिंग/खेल/सांस्कृतिक/साहित्यिक गतिविधि एवं शिविर में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को 15 दिन से अधिक की उपस्थिति नहीं दी जाएगी। चिकित्सकीय आधार पर उपस्थिति में छूट नहीं दी जाएगी। मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित समय सारणी के अनुसार विश्वविद्यालयी परीक्षाएँ आयोजित होंगी। विद्यार्थियों को महाविद्यालय के एनसीसी, एनएसएस, खेल, पुस्तकालय, छात्रावास, प्रयोगशालाएँ, रोकड़ शाखा व अन्य संबंधित विभागों से अदेय प्रमाण पत्र प्राप्त करने के बाद परीक्षा प्रवेश पत्र दिया जाएगा।

कुल सैद्धांतिक प्रश्न पत्रों जिसमें वह उपस्थिति हुई हो उसके 25 प्रतिशत प्रश्नपत्रों में पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन कर सकती हैं। पुनर्मूल्यांकन से संबंधित विस्तृत जानकारी कार्यालय समय में प्राप्त की जा सकती है।

## गणवेश

समानता एवं भावनात्मक एकता विकसित करने और महाविद्यालय की पहचान बनाये रखने की दृष्टि से प्रत्येक छात्रा के लिए गणवेश का उपयोग अनिवार्य हैं।

| | गणवेश | रंग |
|---|---|---|
| (अ) | कुर्ता | मेहरुन |
| (ब) | सलवार | सफ़ेद |
| (स) | चुन्नी | सफ़ेद |
| (द) | जूते | काले |
| (य) | मोजे | सफ़ेद |
| (र) | कार्डिगन/ब्लेजर | मेहरुन |



विशेष : (अ) कुर्ता गोल गले और सादी आस्तीनों का होना चाहिये।
(ब) गणवेश में नहीं आने वाली छात्राओं के खिलाफ कड़ी अनुशासनात्मक कार्यवाही होगी।

# संगोष्ठी एवं कार्यशाला




हिन्दी विभाग द्वारा ''काव्य पाठ और विश्लेषण'' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन । मुख्य वक्ता प्रो. कृष्ण कुमार जी शर्मा, सेवानिवृत्त प्रोफेसर, केन्द्रीय हिन्दी संस्थान, आगरा एवं सह वक्ता डॉ. हुसैनी बोहरा, सहायक आचार्य, भूपाल नोबल्स विश्वविद्यालय, उदयपुर




वाणिज्य विभाग द्वारा ''केशलेस इकोनॉमी एवं बैंकों में धोखाधड़ी'' विषय पर व्याख्यानमाला का आयोजन-मुख्य अतिथि वक्ता श्री वात्सल्य डांगी, ब्रान्च मैनेजर, यूको बैंक, कांकरोली तथा श्री शंकर जी चौधरी, ब्रान्च मैनेजर, केनरा बैंक, कांकरोली




''अंहिसा एवं सत्याग्रह'' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन। मुख्य वक्ता- अमेरिकन गाँधी श्री बर्नी मेयर

# साहित्यिक गतिविधियाँ





हिन्दी विभाग द्वारा हिन्दी दिवस 'सप्ताह' आयोजन के अन्तर्गत काव्य संगोष्ठी का आयोजन




महाविद्यालय में अंग्रेजी विभाग द्वारा Essay Writing, Slogan Writing, Hand Writing प्रतियोगिता का आयोजन



अन्तर्महाविद्यालय वाद विवाद प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्रा सुश्री अनिता राठौड़ ने प्रथम स्थान प्राप्त किया



भारत विकास परिषद, राजसमन्द द्वारा आयोजित अन्तर्महाविद्यालय हिन्दी वाद-विवाद प्रतियोगिता में सुश्री अंजली राठौड़ ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

## फाइन आर्ट गतिविधियाँ





महाविद्यालय में चित्रकला विभाग द्वारा ऑन स्पोट पेन्टिग,पोस्टर मेकिंग और फेस पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन




महाविद्यालय में गृह विज्ञान विभाग द्वारा साड़ी रेपिंग और कोलाज प्रतियोगिता का आयोजन

# सह–शैक्षणिक गतिविधियाँ



राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा संसदीय कार्यप्रणाली ज्ञानवर्धन हेतु छात्राओं द्वारा ''युवा संसद '' का आयोजन






पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम के जन्म दिवस को 'स्टुडेण्ट डे' के रुप में मनाता महाविद्यालय परिवार






पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस को 'शिक्षक दिवस' के रुप में मनाता महाविद्यालय परिवार





महाविद्यालय में गृह विज्ञान विभाग द्वारा गणेश चतुर्थी और कृष्ण जन्माष्टमी का आयोजन








उच्च शिक्षा में गुणवत्ता अभिवृद्धि हेतु अभिभावक प्राध्यापक संवाद का आयोजन

# सह–शैक्षणिक गतिविधियाँ



चित्रकला विभाग द्वारा कला प्रदर्शनी ''संवाद 2019'' का आयोजन

## फ्रेशर एवं फेयरवेल पार्टी





















महाविद्यालय में कला, वाणिज्य एवं विज्ञान संकाय की फ्रेशर एवं फेयरवेल पार्टी में छात्राओं की विभिन्न प्रस्तुतियाँ

# सामान्य निर्देश

1. महाविद्यालय में छात्राओं को गणवेश में होना अनिवार्य हैं।
2. प्रतिदिन अपनी कक्षा आरम्भ होने से 5 मिनट पूर्व पहुँचें एवं सभी कक्षाओं में नियमित रुप से उपस्थित रहें। आवश्यक पाठ्य व लेखन सामग्री सदैव साथ लाऐं।
3. महाविद्यालय में आते एवं लौटते समय नियमित रुप से सूचना पट्ट अवश्य देखें एवं दिए गए निर्देशों का पालन करें।
4. खाली समय पुस्तकालय में बैठे। पुस्तकों को समय पर लें एवं जमा करावें। पुस्तकालय की पुस्तकों एवं पत्रिकाओं को किसी भी तरीके से नष्ट नहीं करें। पुस्तकालय में शान्ति से पढ़े। पुस्तकों को चुराना निन्दनीय अपराध हैं।
5. महाविद्यालय परिसर को स्वच्छ बनाए रखें। अनुपयोगी वस्तुएँ कचरा–पात्र में डालें। महाविद्यालय भवन के अन्दर औंर बाहर दीवारों तथा अन्य स्थानों को गन्दा करना, उन पर कुछ लिखना, पोस्टर आदि चिपकाना अनुशासनहीनता माना जाएगा एवं इस प्रकार के दोषियों के खिलाफ दण्डनात्मक कार्यवाही की जाएगी। दोषी छात्रा को प्राचार्या द्वारा बिना कोई स्पष्टीकरण दिए किसी भी समय महाविद्यालय से निष्कासित किया जा सकता है।
6. महाविद्यालय की चल–अचल सम्पति को नुकसान न पहुँचाएँ।
7. महाविद्यालय परिसर में चिल्लाकर बातें करना, पार्किंग में गाड़ियों पर बैठे रहना, गलियारें में खड़े रहकर अथवा गुजरते हुए बातें करना, कक्षाओं में व्यवधान डालना अभद्रता की श्रेणी में आते हैं। ऐसा आचरण करने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही के लिए स्वयं जिम्मेदार होंगी।
8. सीनियर छात्राओं से उचित व सम्मानजनक व्यवहार करें। जुनियर छात्राओं के साथ विनम्र एवं सद्भावपूर्वक व्यवहार करें। संवाद में सभ्यता बनाए रखें। अभद्र व धमकीपूर्ण भाषा का प्रयोग न करें।
9. महाविद्यालय में अपरिचितों के साथ विनम्र व्यवहार करें तथा उनकी आवश्यकतानुसार सहायता करें व मार्गदर्शन करें। सदाशयता पूर्ण किया गया सद्व्यवहार आपके परिवार एवं महाविद्यालय की प्रतिष्ठा में वृद्धि करेगा।
10. महाविद्यालय द्वारा प्रदत्त परिचय पत्र सदैव साथ रखें तथा माँगने पर दिखाएँ। बिना परिचय पत्र के महाविद्यालय में प्रवेश से रोका जा सकता है।
11. महाविद्यालय में मोबाइल फोन न लाएँ, यदि फोन हो तो उसे साइलेन्ट रखें। महाविद्यालय परिसर में मोबाइल का प्रयोग करते हुए पाये जाने पर महाविद्यालय प्रशासन द्वारा जब्त कर लिया जाएगा।
12. अनुशासन के साथ महाविद्यालय की विभिन्न गतिविधियों में एवं उत्सवों में भाग लें। अपनी अभिव्यक्ति को शालीनता से अभिव्यक्त करें। कार्यक्रम के दौरान व्यवधान उपस्थित न करें व कार्यक्रम बीच में छोड़ कर ना जाएँ। 15 अगस्त – 26 जनवरी जैसे राष्ट्रीय पर्वो पर महाविद्यालय द्वारा आयोजित ध्वजारोहण कार्यक्रम में उपस्थित होकर देश प्रेम का परिचय दें।
13. महाविद्यालय द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में परिजन/अभिभावक ही आमंत्रित हैं। पिता के अतिरिक्त अन्य पुरुषों का प्रवेश प्रतिबन्धित हैं।
14. महाविद्यालय तथा विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित परीक्षाओं की तिथियों की अनुपालना अनिवार्य होगी। इनका बहिष्कार करने पर छात्राओं को महाविद्यालय से निष्कासित किया जा सकता हैं।
15. विश्वविद्यालय परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र लेने से पूर्व छात्राओं को सभी संबंधित विभागों से अदेय प्रमाणपत्र (''नो ड्यूज सर्टिफिकेट'') लेना अनिवार्य होगा।
16. यदि छात्राएँ महाविद्यालय में नियमित रुप से बिना सूचना एक सप्ताह तक अनुपस्थित रहती है तो ऐसी छात्राओं को दण्ड स्वरुप एक सौ रुपये देना होगा एवं इसी तरह किसी छात्रा के नियमित रूप से एक माह अनुपस्थित रहने पर उसका प्रवेश निरस्त कर दिया जायेगा एवं उसे पुनः विधिवत प्रवेश लेना होगा।
17. जो छात्रा अपेक्षित उपस्थिति पूरी नहीं कर पाती हैं उस छात्रा का नाम सम्बन्धित विभागाध्यक्ष एवं महाविद्यालय अधिष्ठाता द्वारा छात्रा एवं उसके माता/पिता को सूचित किया जाएगा। 75 प्रतिशत से कम उपस्थिति वाली छात्राओं को अधिष्ठाता/विभागाध्यक्ष द्वारा परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

18. महाविद्यालय परिसर में मादक पदार्थ रखने अथवा उसका सेवन करने पर दोषी छात्राओं को तुरन्त प्रभाव से महाविद्यालय से निष्कासित किया जा सकता है।

19. छात्राएँ बिना किसी औचित्य के कक्षाएँ छोड़कर अथवा बिना पूर्व स्वीकृति के महाविद्यालय परिसर से कहीं भी बाहर जाती है तो दोषी छात्राओं के खिलाफ कड़ी अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

20. विश्वविद्यालय नियमानुसार प्रत्येक विषय में (सैद्धान्तिक एवं प्रायोगिक में पृथक–पृथक) 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य हैं। विषयाध्यापक से निरन्तर सम्पर्क में रहें। अपनी उपस्थिति की जानकारी रखें। छात्रा की उपस्थिति कम होने पर वह नियमित विद्यार्थी के रुप में विश्वविद्यालय की परीक्षा में नहीं बैठाई जायेगी।

21. परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग करना राजस्थान नकल अधिनियम 1992 के अन्तर्गत कानूनी अपराध हैं, जिसके फलस्वरुप 3 वर्ष की कैद या 2000 रु. का अर्थदण्ड दिया जा सकता हैं।

22. महाविद्यालय में अनुशासन का सख्ती से पालन करे, एक बार निलम्बित विद्यार्थी को अगले सत्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। उसे तुरन्त टी. सी. दे दी जाएगी। इस सम्बन्ध में कोई तर्क नहीं दिया जाएगा।

23. छात्राओं को अपना वाहन स्टेण्ड पर ही रखना हैं, अन्यथा उसके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी।

24. छात्राओं का गणवेश महाविद्यालय प्रतिष्ठा का परिचायक हैं। यदि छात्रा महाविद्यालय परिसर से बाहर इस गणवेश में अमर्यादित व्यवहार या कार्य में शामिल पायी जाती हैं तो प्राचार्य द्वारा अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

25. रैंगिंग लेना अथवा रैंगिंग लेने हेतु उकसाना समान रुप से दण्डनीय है। जिसकी अधिकतम सजा 6 माह का कठोर कारावास एवं एक लाख का आर्थिक दण्ड अथवा दोनों सजाएँ साथ–साथ दी जा सकती हैं।

## अनुशासन समिति द्वारा अनुशासनात्मक कार्यवाही की प्रक्रिया

- अनुशासनहीनता के ऐसे प्रकरण की जाँच समिति करेगी जो प्राचार्य द्वारा निर्देशित की जाएगी।
- जब कोई छात्रा गंभीर आपराधिक कार्य, गंभीर दुराचरण, कार्य की अनवरत् लापरवाही अथवा दुर्व्यवहार का आरोपी/दोषी हो अथवा महाविद्यालय की कार्यविधि एवं कर्त्तव्य पालन के समय में दुर्व्यवहार आदि के कारण किसी छात्रा के विरुद्ध महाविद्यालय के किसी अधिकारी/शिक्षक/कर्मचारी ने पुलिस में प्रथम सूचना रिपोर्ट *(FIR)* दर्ज कराई हो तो उसे महाविद्यालय के अधिष्ठाता जहां विद्यार्थी अध्ययनरत हो, तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर देंगे। निलम्बन काल में विद्यार्थी महाविद्यालय की किसी भी गतिविधियों में (परीक्षा में बैठने सहित) भाग लेने तथा अपनी कक्षाओं में उपस्थित होने के अयोग्य होगा।
- कोई विद्यार्थी जो इस प्रकार निलम्बित किया गया हो अथवा जिसे निकाल दिया गया हो महाविद्यालय/अन्य शिक्षण इकाई में, बिना उस अधिकारी की अनुमति के जिसने उसे निलम्बित किया/निकाला था, प्रवेश के लिए अयोग्य होगा।
- जाँच समिति के बारे में संबंधित विद्यार्थी को सूचना दी जायेगी तथा उसे अपने पक्ष को समिति के सामने प्रस्तुत करने का उचित अवसर प्रदान किया जाएगा।
- यदि सम्बन्धित विद्यार्थी जाँच कार्य में अनुपस्थित रहता है अथवा असहयोग करता है अथवा अवरोध प्रस्तुत करता है तो समुचित दण्ड देने के बाद, जाँच एक पक्षीय पूरी की जा सकती है।
- जाँच के किसी भी चरण में किसी भी पक्षकार की तरफ से किसी अधिवक्ता को उपस्थित करने की अनुमति नहीं होगी।
- अनुशासन समिति अपनी बैठक करके उचित विचार–विमर्श के बाद समुचित दण्ड, जिसमें जुर्माना, निश्चित अवधि के लिए निष्कासन अथवा इन दोनों की अनुशंसा करेगी। दण्ड की कार्यान्वित निलम्बित करने वाले अधिकारी द्वारा की जाएगी।
- अनुशासन समिति के प्रतिवेदन पर प्राचार्या द्वारा विचार किया जाएगा और उचित विचार के बाद वह इस पर जैसा उचित समझे वैसा आदेश प्रदान करेंगे। उस आदेश की प्रति विद्यार्थी को दी जाएगी तथा उसकी अन्य प्रति महाविद्यालय के सूचना पट्ट पर लगा दी जाएगी।

# National Service Scheme (NSS)

The objective of this activity is to direct the energy of the youth in various national service schemes. Its goal is to develop leadership qualities and foster dignity of labour. It imparts training of community living for welfare activities in three areas, viz. rural, urban and institutional. Further. the NSS organizes two compulsory camps for rural development Free lodging and boarding is provided during the camp. A few students are selected for national/state-level camps every year. The students joining this activity will have to fulfil 65% attendance. Three units of NSS are sanctioned for the college. NSS Volunteers are supposed to participate and maintain discipline in all functions of the college.

## Not Me But You






राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा गोद लिए गए गाँव खेडाना में जागरुकता रैली का आयोजन






छात्राओं ने हरियालो राजस्थान के अन्तर्गत अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी श्री शिवकुमार जी व्यास, प्राचार्या महोदया और उपाचार्य महोदय के सानिध्य में पौधारोपण किया।




दैनिक भास्कर के पूर्व चेयरमैन स्वर्गीय रमेशचन्द्र जी अग्रवाल के 75वें जन्मदिवस पर एन.एस.एस. की स्वयंसेविकाओं ने स्वैच्छिक रक्तदान किया।



दैनिक भास्कर के पूर्व चेयरमैन स्वर्गीय रमेशचन्द्र जी अग्रवाल के 75वें जन्मदिवस पर एन.एस.एस. की स्वयंसेविकाओं ने स्वैच्छिक रक्तदान किया।

# National Cadet Corps (NCC)

There are Army Wing(5 raj Battalion) for Girls. For selection and enrolment, the student must submit the duly filled prescribed form. Tentative dates of selections may be seen in the "Schedule of the College activities" in the Information bulletin. Every year, applications for selection are invited by the respective NCC Officers. The notices are displayed on the NCC notice board. Inter-wing transfer is not permissible.

**IGC Camp Bhilwara Selection**



Ms. Monika Rao



Ms. Sunita Chouhan



Ms. Laxmi Gurjar

**IGC Camp Bhilwara Selection**



Ms. Monika Choudhary



Ms. Bharti Kumawat



जिला स्तरीय स्वतन्त्रता दिवस समारोह में भी एन.सी.सी. कैडेट्स ने परेड प्रदर्शन में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।



एन.सी.सी. कैडेट ने एन.सी.सी. दिवस पर जिले में रैली निकालकर लोगों की देशभक्ति, महिला सशक्तिकरण, स्वच्छता, पर्यावरण के प्रति जागरूक किया।



छात्राओं ने हरियालो राजस्थान के अन्तर्गत अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी श्री शिवकुमार जी व्यास, प्राचार्या महोदया और उपाचार्य महोदय के सानिध्य में पौधारोपण।



# Educational Tours & Visits











महाविद्यालय की 57 छात्राओं का एक दल दिल्ली–शिमला–कुल्लु–मनाली के भ्रमण गया। जिसमें छात्राओं ने दिल्ली बायोलोजिकल पार्क, इण्डिया गेट, संसद, लाल किला, सोलनवेली, अक्षरधाम, गुरू वशिष्ट आश्रम, हिडिम्बा मन्दिर, आर्थिक केन्द्र कुल्लू, शॉल फेक्ट्री, मनाली एवं इत्यादि स्थानों पर भ्रमण किया।









अरावली की सुरम्य वादियों में स्थित आराम बाग,उदयपुर में महाविद्याालय पिकनिक का आयोजन।





# Independence Day & Republic Day Celebration





Independence Day  Celebration in Balkrishna stadium in Kankroli














Republic Day  Celebration at parent institute B.N.Campus, Udaipur

## Sports Achievement

The games and sports department provides facilities for participation in different activities. Regular practice sessions are conducted to enhance the sports skills among the students. The information about the practice session and trials are displayed from time to time on the college notice board. Facilities for the following events are available in the college for its students : (1) Swimming, (2) Basketball,(3) Handball, (4) Hockey(5) Cricket, (6) Kho-Kho, (7) Kabaddi, (8) Weight lifting, (9)Atheltics etc.



**College team receiving Championship winners trophy of Inter Weight lifting(w)**




**College Team received Inter Collegiate Athletics Tournament Runner(W) Up Trophy 2019**



**College Team received Inter Collegiate Cricket Tournament(W) Runner Up Trophy 2019**

# Winner -Inter Collegiate Weight Lifting (W) & Power Lifting Tournament

## Organised by Mohanlal Sukhadia University, Udaipur



Mamta lohar
Gold (Weight Lifting)
Gold ( Power Lifting)



Rekha Gadri
Gold (Weight Lifting)
Silver (Power Lifting)



Yuktaraj Solanki
Gold (Weight Lifting)
Silver (Power Lifting)



Radhika Salvi
Gold (Weight Lifting)
Bronze (Power Lifting)



Laxmi Gurjar
Silver (Weight Lifting)
Silver (Power Lifting)



Sunita Chouhan
Silver (Weight Lifting)
Bronze(Power Lifting)



Chandrakanta Salvi
Bronze (Weight Lifting)
Silver (Power Lifting)

# Runner Up - Inter Collegiate Athletics(W) Tournament 2019



Radhika Salvi
3 Gold
(Javalin Throw,Discus Throw, Shot Put Throw)



Rekha Gadri
1 Silver
(Discus Throw)



Mamta Lohar
1 Bronze
400 M Race



Dimple Kunwar Gaur
1 Bronze
(Long Jump)

# Inter University Selection (Sports)



Ms. Monika Choudhary
Cricket



Ms. Amisha Chanal
Cricket



Ms. Khusboo Chouhan
Cricket



Ms. Krishna Purohit
Handball



Ms. Aarti Paliwal
Handball



Ms. Harshita Rajput
Hockey



Ms. Radhika Choudhary
Hockey



Ms. Pooja Gurjar
Hockey

# अति आवश्यक सूचना

माननीय उच्चतम न्यायालय के आदेश संख्या डी 37/04/XI-A दिनांक 26 फरवरी, 2009 के अनुसार महाविद्यालय में किसी भी छात्रा की रैगिंग लेना कठोर दण्डनीय अपराध हैं। रैगिंग के अन्तर्गत प्रमुख रुप से मानसिक,शारीरिक वेदना पहुँचाना, मानवीय स्वतंत्रता एवं गरिमा को क्षति पहुँचाना, अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए पीडित करना, असुरक्षित एवं भयाक्रांत करना तथा अवांछनीय चेष्टा करने के लिए बाध्य करना माना गया हैं इस प्रकार की गतिविधियों में लिप्त छात्रा को न केवल छः माह का कठोर कारावास या रु. 1,00,000/– का आर्थिक दण्ड अथवा दोनों दण्ड दिये जा सकेंगे अपितु महाविद्यालय द्वारा दिये जाने वाले प्रमाण पत्र एवं उपाधि में भी उसे दी गई सजा का उल्लेख होगा। अतः महाविद्यालय की सभी छात्राओं को सलाह दी जाती हैं कि वे रैगिंग जैसे अवांछनीय कार्य में लिप्त न होकर स्वयं के भविष्य का निर्माण करें। परिसर में अध्ययनरत छात्राओं का शारीरिक, मानसिक एवम् समस्त शोषण व उत्पीड़न कानूनी रुप से दण्डनीय अपराध हैं।

# छात्रवृत्ति संबंधी सूचना

1. सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, राजस्थान सरकार द्वारा प्रदत्त छात्रवृत्तियाँ– (Link: www.sje.rajasthan.gov.in)
   - अनुसूचित जाति उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना
   - अनुसूचित जनजाति उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना
   - विशेष पिछड़ा वर्ग उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना
   - अन्य पिछड़ा वर्ग उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना
   - डॉ. अम्बेडकर $DNT_s$ उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना
2. निदेशालय, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर द्वारा प्रदत्त छात्रवृत्तियाँ–
   (Link: www.hte.rajasthan.gov.in)
   मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा छात्रवृत्ति योजना एवं अन्य
3. scholarships.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध मन्त्रालयों एवं विभागों की अन्य छात्रवृत्तियाँ
4. अल्पसंख्यक एवं मामलात विभाग द्वारा प्रदत्त छात्रवृत्तियाँ
   उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना (मुस्लिम, सिख, ईसाई, बौद्ध, पारसी, जैन)
5. केन्द्रीय क्षेत्र छात्रवृत्ति योजना (उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रदत्त)

सत्र 2019–20 में महाविद्यालय की लगभग 45 प्रतिशत छात्राएँ छात्रवृत्ति से लाभान्वित।

नोट : छात्रवृत्ति की विस्तृत सूचना हेतु समय–समय पर सूचना पट्ट देखें एवं निम्न व्याख्याताओं से सम्पर्क करें–

छात्रवृत्ति प्रभारी
**डॉ. सम्पत लाल रेगर**
व्याख्याता हिन्दी
09460902051

छात्रवृत्ति सह–प्रभारी
**श्री उधन लाल जाटव**
व्याख्याता–पर्यावरण अध्ययन
09887156596

# गणमान्य व्यक्तियों का महाविद्यालय में पदार्पण







108 गोस्वामी श्री वेदान्त कुमार जी बावा श्री, तृतीय पीठ राजकुमार श्री द्वारकाधीश मन्दिर,
कांकरोली का प्रबंध निदेशक महोदय श्रीमान मोहब्बत सिंह जी राठौड़ द्वारा स्वागत, उद्बोधन एवं स्मृति चिह्न भेंट












माननीया सांसद दीयाकुमारी जी का संस्थान के मंत्री महोदय, प्रबंध निदेशक महोदय और प्राचार्या महोदया द्वारा स्वागत
माननीया सांसद दीयाकुमारी जी का उद्बोधन एवं छात्राओं को पुरस्कार वितरण एवं स्मृति चिह्न भेंट







पूर्व जिला प्रमुख श्रीमान नारायण सिंह जी भाटी का प्रबंध निदेशक महोदय द्वारा स्वागत, उद्बोधन एवं छात्राओं को पुरस्कार वितरण






कुम्भलगढ़ विधायक श्रीमान सुरेन्द्रसिंह जी राठौड़ का प्रबंध निदेशक महोदय द्वारा स्वागत, उद्बोधन एवं छात्राओं को पुरस्कार वितरण

# सांस्कृतिक कार्यक्रम ''मूमल' की झलकियाँ





















सांस्कृतिक कार्यक्रम 'मूमल' में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रस्तुति देती हुई छात्राएँ




सांस्कृतिक कार्यक्रम 'मूमल' में 'बेस्ट स्टुडेण्ट प्रतियोगिता' में प्रस्तुति देती हुई छात्राएँ




अतिथियों के साथ 'बेस्ट स्टुडेण्ट प्रतियोगिता' की विजेता छात्राएँ

# BHUPAL NOBLES' P.G. GIRLS' COLLEGE ,RAJSAMAND

Estd. 2006



Mrs. Dhara Paliwal, Lecturer, English
Mrs. Kalpa Joshi, Lecturer, Home Science
Dr. Santvana Bapna, Faculty Incharge,Science
Dr. Sangeeta Malpani, Faculty Incharge, Commerce
Dr. Vinita Paliwal, Lecturer, Botany
Dr. Aparna Sharma, Principal
Sh. Mohabbat Singh Rathore, Managing Director, B.N. Sansthan, Vidya Pracharini Sabha, Udaipur
Dr. Inder Singh Rathore, Vice-Principal
Dr. Sampat Lal Regar, Lecturer, Hindi
Dr. Gajenndra Singh Charan, Lecturer, Geography
Ms. Sumana Shrimali, Lecturer, Zoology
Dr. Anusuya Upadhyay, Lecturer, Sanskrit
Dr. Lalita Rathore, Lecturer, History

Mrs. Rashmi Paliwal, Lecturer, Chemistry
Dr. Rajkumari Rathore, Lecturer, Hindi
Mrs. Madhu Rathore, LDC
Dr. Pankaj Rathore, Lecturer, Political Science
Dr. Manju Bohra, Lecturer, Sociology
Mrs. Saroj Rathore, Lecturer, Zoology
Mrs. Divya Paliwal, Lecturer, Maths
Ms. Sandhya Rathore, Lecturer, Geography
Mr. Surendra Singh, Lecturer, Drawing
Mr. Pushpendra Singh, Cashier
Mr. Shivcharan Singh, LDC
Mr.Udhan Lal jatav, Lecturer, Chemistry
Mr. Vinaydeep Singh, Librarian
Dr. Kamlesh Paliwal, Lecturer, Geography

# महिला उत्पीड़न प्रकोष्ठ




महिला उत्पीड़न से सम्बधित घटनाओं में प्रभावी कार्यवाही हेतू तत्पर

- अभद्र व अमाननीय व्यवहार होने पर सूचित करावे।
- स्वयं को असुरक्षित न समझे।
- शोषण का विरोध करें, शोषण को सहन न करे

## नारी का सम्मान एवं नारी की सुरक्षा महाविद्यालय का प्रथम ध्येय

## Career Counseling and Placement Cell

Career Counseling and placement cell is functional in the college to guide students for their career option and future prospects.

## Anti Ragging Squad

Anti Ragging squad is active in the college to ensure safety and security of all students.

Note: For any complaint/ Suggestions post your letter in the complaint/ Suggest box of the college.

Women Cell and Anti Ragging squad is active in the college to ensure safety and security of all students.

CONTACT US

Dr. Anusuya Upadhyay
9660634334

Dr. Vinita Paliwal
9887673312

Dr. Lalita Rathore
9001555064

Dr. Santwana Bapna
9928667439

Dr. Sangeeta Malpani
9602208748

संस्था गीत

# माँ भारती!



लेखक: डॉ. संग्राम सिंह जी राणावत कारोही

कोटि कर मिल कर उतारें,
आज तेरी आरती।
माँ भारती ! माँ भारती !
तेरे सिर सोहे हिमालय, मुकुट गिरिवर भाल है माँ !
शस्य-श्यामल रुप तेरा, बाहुबल भी विशाल है माँ !
सिन्धु की लहरें निरन्तर, चरण कमल पखारती ! !
माँ भारती ! माँ भारती !

दे विनय विद्या, अमित दे, बल दे, बुद्धि, विवेक दे माँ
शत्रु को भी मित्र मानें, हर हृदय में स्नेह दे माँ ! !
विश्व बन्धु बन के जी ले, हर घड़ी हर भारती ! !
माँ भारती ! माँ भारती !

बुद्ध से हों शान्ति में हम, कुन्ति-सुत संग्राम में !
अन्याय का ना पक्ष धारें, नीति हो हर काम में
सर्वत्र जय हो पुण्य की, रहे पाप विष हारती ! !
माँ भारती ! माँ भारती !

तेरी रज में खेल खोले, तेरा खाते अन्न है माँ !
तेरे अरपण आज अपना, तन है, मन है, धन है माँ ! !
एक स्वर संतान तेरी, कोटि कंठ पुकारती ! !
माँ भारती ! माँ भारती !

जाति का जंजाल छूटे, दल के दल-दल दूर हो माँ !
एक माँ के लाल हैं हम, भाव से भरपूर हो माँ ! !
दे हमें दीक्षा ये शिक्षा, आज तू पुचकारती ! !
माँ भारती ! माँ भारती !

ईश से विनती यही माँ, और ये ही कामना माँ ! !
मनुज है हम, मनुजता की, भर दो उर में भावना माँ ! !
हो हमारे कृत्य जिनसे, गरवै भारत-भारती ! !
माँ भारती ! माँ भारती !

A Unit of

## VIDYA PRACHARINI SABHA
## BHUPAL NOBLES' SANSTHAN, UDAIPUR

Phone: +91-294-2410325, 2413181, Fax: +91-294-2410325
Email: secvpsabha@gmail.com | contact@bninstitute.org




**College Address:**

**Shri Dwarkadhish Mandir Marg, Mukharjee Chauraha, Kankroli, Rajsamand**

Ph. : 02952-230707, 297445
Mob. : +91 9414158352, 7230060813, +91 9928579067, 7230060845
Email : bngc.kankroli@gmail.com, principal.draparna@gmail.com

Website: www.bninstitute.org